**खबर संक्षेप**

## बीमा कंपनी के अधिकारी एवं अधिवक्तागणों के साथ बैठक संपन्न



**मण्डला।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को सम्पूर्ण देश में किया जाना है। इसी तारतम्य में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमल जोशी के निर्देशन में एवं सचिव श्री तपन धारगा के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत आयोजित की जावेगी। आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमल जोशी द्वारा समस्त न्यायाधीश, मोटरयान दुर्घटनादावा अधिकरण एवं बीमा कंपनियों के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से एवं बीमा कंपनी के अधिवक्तागण एवं आवेदक अधिवक्तागण के साथ प्रीसिटिंग बैठक आयोजित की गई। नेशनल लोक अदालत में मो.दु.दा.अधि. के अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हित कर उन्हें निराकृत करने में विशेष रूचि दिखाते हुए कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बैठक में बीमा कंपनी के अधिवक्ता सुश्री दीप्ती शास्त्री, अधिवक्ता संजय मिश्रा, अधिवक्ता पी.एल. पटेल, अधिवक्ता एन.के. रजक, अधिवक्ता मुकेश शुक्ला एवं आवेदक की ओर से अधिवक्ता आनंद राय, अधिवक्ता पवन साहू, अधिवक्ता सुरेन्द्र गढ़ेवाल, अधिवक्ता मनोज गुप्ता, अधिवक्ता थानेश्वर तेकाम, अधिवक्ता अमित पटैल उपस्थित रहे।

### रेल्वे को इससे आखिर क्या हो रहा लाभ, यात्रियों को क्या मिल रही सुविधा

# दरवाजे बंद कर 80 कि.मी. दौड़ रही ट्रेन

*** 80 किलोमीटर रेल चालन का खर्च आखिर कौन उठा रहा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*मण्डला फोर्ट रेल्वे स्टेशन में कोई बड़ी ट्रेन रोजाना आ रही हो लेकिन उसका कोई लाभ यहां के यात्रियों को न मिल पा रहा हो तो इसे आप कौन सी उपलब्धि मानेंगे। पेंचवेली एक्सप्रेस रोजाना मण्डला फोर्ट आती है और घंटों यहां खड़ी रहती है लेकिन न तो ट्रेन में कोई प्रवेश कर सकता है और न ही इस ट्रेन के माध्यम से कहीं यात्रा की जा सकती है इसके लिये आपको अपने साधन से नैनपुर तक जाना होगा इसके बाद ही इस ट्रेन में प्रवेश कर सकेंगे। रेल प्रबंधन का कहना है कि नैनपुर में इस ट्रेन को खड़ा करने के लिये स्थान की कमी है तो पहले बालाघाट जिलेवासियों की मांग को पूरा करते हुये इसे पादरीगंज स्टेशन पर खड़ा किया जा रहा था अब जब मण्डलावासियों ने इस ट्रेन की मांग जोर-शोर से उठाई तो अब ये ट्रेन मण्डला फोर्ट में खड़ी की जा रही है।*







मंडला जिले के नगर मंडला और महाराजपुर क्षेत्र में पिछले लगभग 8 महीनों से ट्रेनों का आवागमन शुरू हो चुका है, जो क्षेत्र के लिए एक अच्छी पहल मानी जा रही है। हालांकि स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार ट्रेन खाली चलती नजर आती है, जो चिंता का विषय है। लोगों का कहना है कि चाहे ट्रेन पेट्रोल, डीजल, बिजली या किसी अन्य ऊर्जा से चल रही हो, उसके संचालन में खर्च तो हो ही रहा है, जिसका भार आखिरकार रेलवे को ही उठाना पड़ता है।

मंडला फोर्ट एक ऐतिहासिक और सैकड़ों वर्षों पुराना रेलवे स्टेशन है, लेकिन यहां अभी भी पर्याप्त सुविधाओं का अभाव बताया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि न तो आम जनता और न ही जनप्रतिनिधि इस दिशा में पर्याप्त ध्यान दे रहे हैं।

मंडला फोर्ट से वर्तमान में 2–3 ट्रेनें संचालित हो रही हैं, लेकिन उनके समय का सही निर्धारण नहीं होने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समय अनुकूल न होने के कारण कई बार ट्रेनें खाली चलती हैं, जिससे रेलवे की आय पर भी असर पड़ता है।

हाल ही में मंडला से जबलपुर के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू हुई है, लेकिन नागरिकों का कहना है कि इसका पर्याप्त प्रचार-प्रसार नहीं किया गया है। इसी कारण यात्रियों की संख्या अपेक्षा से कम है। इसके अलावा यात्रियों ने यह भी आरोप लगाया कि कई बार ट्रेनों को आउटर पर खड़ा कर दिया जाता है, जिससे यात्रियों को 5 से 6 घंटे तक का लंबा समय लग जाता है।

स्थानीय समाजसेवी अखिलेश सोनी ने कहा कि मंडला फोर्ट से पेंचवेली एक्सप्रेस को जल्द शुरू किया जाना चाहिए और इसमें एसी व जनरल डिब्बों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए, क्योंकि यात्रियों को कई बार वेटिंग का सामना करना पड़ता है।

वहीं नितिन सोलंकी ने कहा कि मंडला फोर्ट से चलने वाली ट्रेनों का समय निर्धारण और समय परिवर्तन इस तरह किया जाना चाहिए जिससे आम जनता को सुविधा मिल सके।

रेलवे संघर्ष समिति के अध्यक्ष अनूप मिश्रा का कहना है कि मंडला फोर्ट स्टेशन पर सुविधाएं धीरे-धीरे बढ़ रही हैं, लेकिन अभी भी यात्रियों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्टेशन पर सुविधाओं और ट्रेनों के समय में सुधार की आवश्यकता है। इसी क्रम में रंजीत कछवाहा ने कहा कि मंडला फोर्ट से नए रेलमार्गों के निर्माण की रूपरेखा जल्द तैयार की जानी चाहिए। पूर्व में बिलासपुर–जबलपुर तथा पेंड्रा–नरसिंहपुर रेलमार्ग का सर्वे हो चुका है, लेकिन अभी तक उस पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने मांग की कि रेलवे बोर्ड जल्द इस दिशा में निर्णय लेकर क्षेत्र के विकास को गति दे।

## मंडला की नई पहचान बनी 'महिष्मति व्यास दंड उत्तरवाहिनी परिक्रमा'



*** तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न, 28-29 मार्च को होगा सामूहिक आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

देश भर में अपनी एक विशेष पहचान स्थापित कर चुकी 'महिष्मति व्यास दंड उत्तरवाहिनी परिक्रमा' के आगामी आयोजन को लेकर 'महिष्मति माँ नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा आयोजन समिति' की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। रविवार, 09 मार्च 2026 को सुबह 10:30 बजे सुहानंद माँ रेवा सेवा आश्रम, हेलीपेड ग्राउंड, महाराजपुर में आयोजित इस बैठक में यात्रा की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर गहन चर्चा की गई। बैठक के दौरान समिति ने 28-29 मार्च 2026 को होने वाले सामूहिक आयोजन के साथ-साथ अलग-अलग तिथियों में आने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था के लिए कार्य विभाजन किया। आयोजन को सुचारू और भव्य बनाने के लिए कुल 16 विभागों का गठन किया गया है। इन विभागों में मुख्य रूप से- निधि संग्रह, पंजीयन, संकल्प पूजन-आरती, तट परिवर्तन, जल एवं भोजन व्यवस्था, प्रशासनिक समन्वय, आवास एवं स्वच्छता, चिकित्सा, यातायात, झांकी और सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि शामिल हैं। इन सभी व्यवस्थाओं के संचालन के लिए अलग-अलग कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या से बढ़ी जिम्मेदारी

आयोजन समिति ने बताया कि महिष्मति व्यास दंड उत्तरवाहिनी परिक्रमा के प्रति देशभर के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। देश के विभिन्न कोनों से श्रद्धालु लगातार कार्यकर्ताओं से संपर्क कर रहे हैं, जिनका विधिवत रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। परिक्रमा करने वालों की बढ़ती संख्या को देखते हुए समिति ने व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया है।

### समिति का नगरवासियों से आग्रह

मंडला नगरवासियों के सेवाभाव और अथक सहयोग के कारण ही यह धार्मिक यात्रा अब एक नई ऊँचाई पर पहुँच चुकी है। आयोजन समिति ने सभी नगरवासियों और कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे इस महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए तन-मन-धन से अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें। मंडला के लिए व्यास दंड उत्तरवाहिनी माँ नर्मदा का एक विशेष वरदान है, जिसे सफल बनाना प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है।

## माध्यमिक शिक्षक निलंबित

**मण्डला।** जिले के जनजातीय कार्य विभाग ने माध्यमिक शाला डालाखापा (ब्लॉक नारायणगंज) में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक रिंकू कुमार के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। शिक्षक को 2 सितंबर 2025 और 12 नवंबर 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। पहले नोटिस का जवाब नहीं दिया गया और दूसरे के जवाब में संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं पाया गया। शिक्षक ने अपने स्पष्टीकरण में दादाजी के स्वास्थ्य/निधन और अपनी आंखों के ऑपरेशन का उल्लेख किया था, लेकिन उन्होंने इसके समर्थन में कोई भी मेडिकल सर्टिफिकेट या साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए। यह कार्रवाई म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम) 1966 के नियम 9 (1) के तहत की गई है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी घुघरी निर्धारित किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलता रहेगा। उनके विरुद्ध अब विभागीय जांच की जाएगी और पृथक से आरोप पत्र जारी किए जाएंगे।

## उत्कृष्ट विद्यालय कक्षा नवमीं प्रवेश

**मण्डला।** दिनांक 08 फरवरी को आयोजित उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश परीक्षा का परिणाम, विगत दिवस घोषित किया जा चुका है। प्रवेश हेतु चयनित विद्यार्थियों की सूची, जगन्नाथ शासकीय उत्कृष्ट उमावि विद्यालय मंडला में नोटिस बोर्ड पर लगा दी गई है। प्रवेश हेतु पात्र विद्यार्थी, प्रवेश के लिए 18 मार्च 2026 से सम्पर्क कर सकते हैं।

## खड़देवरा में हुई क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यशाला



*** आदिवासी बैगा विकास समिति का आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा खड़देवरा में एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में नवांकुर संस्था आदिवासी बैगा विकास समिति मंडला के नेतृत्व में पदमी सेक्टर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों और नवांकुर सखियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीनदयाल रसोई संस्थान की संचालिका श्रीमती पुष्पा ज्योतिषि ने शासन की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी ने नवांकुर योजना के बारे में बताया, जो ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करती है। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता श्रीमती रागिनी हरदहा द्वारा किया गया और अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक श्री संतोष झारिया सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## जिला चिकित्सालय में सी.सी.टी.वी. कैमरे का कवर एरिया बढ़ाने के निर्देश

*** जिला रोगी कल्याण समिति मण्डला की बैठक आयोजित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



**मण्डला में जिला योजना भवन में जिला रोगी कल्याण समिति की आवश्यक बैठक कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में जिला रोगी कल्याण समिति के आय-व्यय संबंधी लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। जिसकी विस्तृत समीक्षा की गई।**

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिला रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत आने वाली 89 दुकानों के नवीनीकरण के लिए निर्देशित किया, जिनकी अनुबंध अवधि समाप्त हो चुकी है। इसके अलावा, जो दुकानदार किराया नहीं दे रहे हैं और निविदा शर्तों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सचिव जिला रोगी कल्याण समिति को जिला चिकित्सालय मण्डला की सुरक्षा के लिए जनहित में सी.सी.टी.वी. कैमरे का कवर एरिया बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों की सुविधाओं को दृष्टिगत करते हुए आवश्यक उन्मुखीकरण और सुधार कार्य सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे, अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती सोनल सिडाम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीजे मोहंती, सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे और अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सीख** | एसडीएम ने छात्राओं को दी स्वास्थ्य और शिक्षा की सीख।

# एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को मिली गति







*** जीवन की बारीकियों से छात्राओं को कराया परिचित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

घुघरी स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से 10 मार्च को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय घुघरी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवागत अनुविभागीय अधिकारी घुघरी सचिन जैन ने छात्राओं के बीच पहुँचकर उन्हें जीवन की बारीकियों से अवगत कराया। एसडीएम श्री जैन ने 14 से 15 आयु वर्ग की छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन (सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका) लगवाने के लिए प्रेरित किया।

स्वास्थ्य के महत्व को समझाते हुए उन्होंने बताया कि सही समय पर लिया गया टीकाकरण सुरक्षित भविष्य की नींव है। उनकी बातों से प्रभावित होकर छात्राओं ने उत्साहपूर्वक वैक्सीनेशन कराया। प्रशासनिक अनुभव साझा करते हुए उन्होंने छात्राओं को पढ़ाई से संबंधित सूक्ष्म विधाओं और बेहतर करियर निर्माण के गुर सिखाए। छात्राओं ने भी उज्ज्वल भविष्य और अच्छी पढ़ाई के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने टीम भावना के साथ कार्य किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एल.एस. उईके ने छात्राओं का मनोबल बढ़ाया।

## दिन भर उड़ा रंग पंचमी का गुलाल, शाम होते ही खेल प्रेमियों ने लिया मैच देखने का आनंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

*** मैच जीतते ही देर रात तक होती रही आतिशबाजी।**

होली पर्व के पांचवे दिन 8 मार्च रविवार रंगपंचमी पर नगर सहित आस पास ग्रामों में उत्साह से युवा वर्ग ने रंग पंचमी पर खूब मस्ती करते हुए रंग गुलाल उड़ाया, स्थानीय बस स्टेड से लेकर पूरे नगर के मोहल्लों में रंग पंचमी का उत्साह देखा गया। शाम होते ही देर रात तक युवा खेल प्रेमियों ने गुजरात में चल रहे भारत न्यूजीलैंड क्रिकेट मैच देखने घर घर मुहल्ले मुहल्ले में टीवी मोबाइल पर मैच का भरपूर आनंद लिया, इस अवसर पर नगर के गांधी गेट बिनोद रंग मंच पर फुल स्क्रीन टीवी पर सैकड़ों लोगों ने मैच का भरपूर आनंद लिया, जैसे भारत न्यूजीलैंड पर हावी हो रहा था वैसे वैसे दर्शकों का उत्साह बड़ रहा था, उधर न्यूजीलैंड के विकेट गिरते यहां जय करे और आतिशबाजी से नगर गुंजायमान होता इस तरह देर रात तक मैच का आनंद चलता रहा ओर जैसे ही भारत ने न्यूजीलैंड पर विजय हासिल की जय करो के शोर से पूरा नगर गूंज उठा खेल प्रेमियों ने देर रात तक ढोल बजाकर आतिश बाजी की ओर जश्न मनाया, इस तरह बिछिया नगर के साथ साथ आश पास ग्रामों टोल मोहल्ले में भी मैच का शोर के साथ रंग पंचमी का गुलाल उड़ा।

**नाम सुधार सूचना**

मैं रोहित नगरधने पिता टोरमल नगरधने जाति फूलमाली नि. ग्राम सेलवा तहसील कटंगी, जिला बालाघाट (म.प्र.) शपथकपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त वर्णित स्थान का स्थायी निवासी हूँ। मेरा नाम रोहित पिता टोरमल जाति प्रमाण पत्र, स्कूली रिकार्ड कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं आदि दस्तावेजो में दर्ज चला आ रहा है किन्तु मेरे आधार कार्ड, वोटर आई.डी., पेन कार्ड में मेरा का नाम रोहित नगरधने पिता टोरमल नगरधने दर्ज चला आ रहा है। उक्त दोनो नाम रोहित पिता टोरमल एवं रोहित नगरधने पिता टोरमल नगरधने एक ही व्यक्ति मेरे ही नाम हैं अन्य कोई दीगर व्यक्ति के नही हैं। अतः मुझे रोहित नगरधने पिता टोरमल नगरधने के रूप में जाना, पहचाना एवं समझा जाने हेतु यह शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ। मेरे द्वारा दी गई जानकारी मेरे स्वयं के ज्ञान से सत्य एवं सही है इसमें किसी प्रकार की असत्यता पाई जाती है तो मै स्वयं जवाबदार रहूँगा।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### शहर में अनेक जगहों पर खाली पड़े हुए भूखंडों की गंदगी से परेशानी, प्लाटों की पड़ताल नहीं करा रहा प्रशासन

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** अचल संपत्ति सहेजने की जल्द बाजी में लोंगो ने शहर में ढेरो प्लाट तो खरीद लिए हैं पर वर्षो से इन प्लाटों पर उनके द्वारा मकान न बनाने की स्थिति में ये खाली भूखंड शहरवासियों के परेशानियों का कारण बनते जा रहे है। अनेक वार्डो, कालोनियो के निवासियो ने बताया कि उनके रहवासी क्षेत्र में रिक्त प्लाटों में गंदगी के साथ साथ गंदा पानी भरा हुआ है,जिससे मच्छरों के पनपने का सिलसिला थम नहीं रहा है और ये खाली भूखंड़ आवारा जानवरों का अड्डा बनकर रह गए है। विदित हुआ है कि नगर के कई वार्डो में खाली प्लाटों की खोज खबर उनके मालिक भी नही ले रहे है, जिससे लोग इन रिक्त प्लाटों का उपयोग कचराघर की तरह कर रहे है और नगर के अधिकतर खाली भूखंड झाड झकाड़, कांच के टुकडों, पॉलीथिन की खाली थैलियो से पट गए है और वर्षो से बारिश के दिनों के दौरान होने वाला पानी भरने से विशाल गड्ढे में तब्दील होते जा रहे है। शहरवासियो का कहना है कि मकान बनाने प्लाट खरीदना बुरी बात नहीं है किन्तु लम्बी अवधि तक इन उपयोग न करना जनहित की अनदेखी करना चिंता जनक है, जिसके चलते शहर में सर्वत्र पड़े खाली प्लाटों पर जो भीषण गंदगी प्याप्त है उससे वार्डो के निवासी, राहगीर,स्कूली बच्चें तो परेशान हो ही रहे है, साथ ही नगर का रूप रंग भी बिगड़ रहा है। इस तरह खाली प्लाटों की समस्या से हलाकान लोंगो के अनुसार हालत यह है कि खाली भूखंडो के मालिकों ने अपने रिक्त प्लाटों की कीमत बढ़नें की आस में उन्हे उपेक्षित छोड़ दिया जाता है

### बिना नम्बर के चल रहे सैकेडों टैक्ट्रर से दुर्घटना की बनी आशंका

**नांदनेर/गाडरवारा।** जहां एक ओर प्रशासन द्वारा क्षेत्र के अनेक जगहों पर चैकिंग प्यांट लगाकर वाहनों की चैकिंग तो की जा रही है, मगर इसके बाद भी जिस प्रकार से प्रशासन द्वारा ऐसे वाहनों को नजर अंदाज किया जा रहा है जो वर्षो से बगैर नम्बर प्लेट के दौड़ रहे है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो ट्रेक्टर क्षेत्र में रेत, मुरूम का अवैध उत्खनन लगातार हो रहा है, एक तरफ जहां कभी कभी विभाग द्वारा इस ओर कार्रवाई की जा रही है, वही अवैध उत्खनन करने वाले अपने उत्खनन के दौरान अधिकांशत रेत कोरोबारी उन ट्रेक्टरों को उपयोग में ला रहे है जिनमें नम्बर नही लिखा हुआ है, इस प्रकार से बगैर नम्बरों के टेक्ट्ररों से ढुलाई कराने के चलतें जहां एक तरफ राजस्व को लाखों का नुकसान हो रहा है। वही इस पर अभी तक आर टी ओ विभाग द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नही किये जाने कारण इन टेक्टर वालों के हौसले बुलंद है, क्षेत्र की सड़कों पर इस प्रकार से सैकड़ो ऐसे ट्रेक्टर बगैर नम्बर चल रहे है, जिनमें देखा जावे तो अधिकांश अवैध उत्खनन के कार्य में संलिप्त है? टैक्टरों में जहां एक तरफ बिना नम्बर होने के चलते दुर्घटना के बाद इनकी पहचान करना मुश्किल हो जाती है, वही अवैध उत्खनन के समय छापे के दौरान टेक्टर चालकों और मालिकों के भाग जाने से अवैध उत्खनन करने वालों की जानकारी भी आसानी से नही मिल पाती है? संबंधित विभाग की लापरवाही के चलतें जहां क्षेत्र की सड़कों पर इस प्रकार से दौड़ रहे उनके खिलाफ कार्यवाही करना चाहिए, क्योंकि इस समय यह भी देखा जा रहा है कि ट्रेक्टर चालको द्वारा रात के समय ट्रेक्टर का उपयोग करते समय सामने का एक ही लाईट चालू किया जाता है जिससे सामने आने वाला व्यक्ति उसे दो पाहिया वाहन समझकर साईड देता है और वह दुघर्टना ग्रस्त हो जाता है। अतः शासन प्रशासन से मांग की जाती है कि बगैर नम्बर तथा एक लाईट व बगैर लाईट के टैक्टरों के खिलाफ एक मुहित के तहत कार्यवाही की जावें।

# बम्हौरी में घटित हुये दोहरे हत्याकांड को सुलझाने में खोजी कुत्ता सहित पडोसी थानों के प्रभारियों की रही भूमिका, भाई को पैसा न देने की चलते मौत के घाट उतारा अपनी बहिन बहनोई को....







**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

नगर के समीपस्थ ग्राम बम्होरी में बीते हुये रविवार की रात घटित हुये दोहरे हत्याकांड कुत्थी को पुलिस द्वारा खोजी कुत्ता सहित पडौसी थाना प्रभारियों की मदद सुलझाने में सफलता हासिल करने के साथ साथ आरोपियों को गिरप्तार को भी गिरप्तार कर लिया गया है। मगर इस मामले की सच्चाई का खुलासा करने में जिस तरह जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा स्थानीय मीडिया को दूर रखते हुये सच्चाई को उजागर किया गया है जहां चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है..? वही दूसरी ओर घटना स्थल पर पहुंचे हुये पत्रकारों के साथ साथ क्षेत्र के लोगों द्वारा जिस तरह से मौके की सच्चाई को देखते हुये उनके अंदर पैदा हुये सबालों को जबाब भी नही मिल पा रहा है...? वही उन सबालो का जबाब पाने के लिये सांईखेड़ा थाना प्रभारी को फोन लगाये जाने के बाद भी उनके द्वारा फोन न उठाना निश्चित सफलता की सच्चाई पर प्रश्न चिन्ह लगाने से नही चूक रहा है...? यह बात सत्य है कि जब जिला स्तर के अधिकारी कोई आदेश जारी करते है तो फिर अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को उसका पालन करने की मजबूरी बन जाती है। जिसके चलते वह भी शायद इस मामले की सुलझााई गई गुत्थी की सच्चाई भी स्थानीय मीडिया की जगह 55 किलो मीटर दूर से खुलासा करने में सहभागी बनते हुये देखे गये..। पाना पिन्चिस चोरी की घटनाओं को पकड़ने की सफलताओं को खुलासा करने के लिये जिला स्तर के अधिकारी स्थानीय मीडिया के बीच पहुंच सच्चाई उजागर करते हुये देखे जाते थें। मगर इस सनसनी खेज मामले में दूरी की सच्चाई का राज जो भी रहा हो उसे तो भगवान ही जाने..? घटना की सच्चाई को लेकर जिस तरह पुलिस द्वारा प्रेस नोट जारी करते हुये अवगत कराते हुये बताया गया है कि बीते हुये दिवस समीपस्थ सांईखेड़ा थाना के ग्राम बम्हौरी में घटित वृद्व पति पत्नी के अंधे हत्याकांड की घटना से संपूर्ण क्षेत्र में सनसनी का महौल निर्मित हो गया था। वही घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना सहित उप पुलिस अधीक्षक डी एल डागूर तुरंत मौके पर पहुंचे। वही मामले की संदिग्ध को ध्यान में रखते हुये खोजी कुत्ता को बुलाया गया था। पुलिस द्वारा जारी किये गये अपने प्रेस नोट में उजागर किया गया है कि आरोपियों की खोजबीन करने के लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन में एक टीम बनाई गई जिसमें गाडरवारा थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह चौहान, डोगरगांव थाना प्रभारी प्रकाश पाठक, सालीचौका प्रभारी वर्षा धाक के आलवा चीचली थाने के एस आई अमित गोटिया, अंकित रावत, सउनि सतीश राजपूत, दसरथ पटेल, शिशुपाल चौधरी, गाडरवारा थाने के प्रधान आरक्षक राम गोपाल राजपूत, आरक्षक बाल किशन रघुवंशी, शिवम पटैल, दीपक राजपूत व आरक्षक दिनेश पटेल थाना सांईखेडा, सुदीप ठाकुर, दीपक ठाकुर, शिवकुमार पटेल, उमेश वर्मा, भगवान सिंह, हेमंत मेहरा, आदर्श पाठक, रुचि तिवारी, हेमलता मेहरा, नीशू पटेल, नेत्राम विश्वकर्मा, विक्रम सिंह को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। आवश्यक कार्यवाही उपरांत घटनास्थल को सुरक्षित रखते हुए संरक्षित किया गया। वही दोनों मृतकों के शवों एवं घटनास्थल का परीक्षण करने पर प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि मृतक छुटई चौधरी एवं श्रीमती केरा बाई की हत्या लूट की नीयत से की गई है। घटनास्थल की परिस्थितियों एवं साक्ष्यों के आधार पर यह भी प्रतीत हुआ कि आरोपियों द्वारा दोनों की हत्या इसलिए की गई। क्योंकि मृतक संभवतः हत्यारों को पहचानते थे। आरोपियों द्वारा घटना को अंजाम देने के लिए बड़ी चालाकी के साथ उस समय का चयन किया गया, जब क्षेत्र में विश्वकप क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला चल रहा था जिसके चलते अधिकांश लोग अपने घरों में या टीवी पर मैच देखने में व्यस्त थे, जिससे आसपास की गतिविधियों पर लोगों का ध्यान कम था। इसका फायदा उठाते हुए आरोपियों ने सुनसान समय का लाभ लेकर घटना को अंजाम दिया। ताकि किसी को उन पर संदेह न हो और वे आसानी घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपियों की पतासाजी हेतु घटना स्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन हेतु एफएसएल, फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ एवं डॉग स्क्वाड की टीम द्वारा सूक्ष्म निरीक्षण कर आवश्यक वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए गए। अज्ञात आरोपियों की पतसाजी हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक, श्री संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी गाडरवारा ललित सिंह डांगुर के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया एवं घटना के संबंध में मृतकों के परिजनों, पड़ोसियों एवं परिचित व्यक्तियों से विस्तृत पूछताछ करायी गई। पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर मृतकों के जान-पहचान वाले व्यक्तियों तथा संभावित संदेहियों की सूची तैयार की गई। तैयार की गई सूची के आधार पर पुलिस टीम द्वारा संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ कर उनकी गतिविधियों की जांच की गयी। पुलिस द्वारा घटनास्थल एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में पुलिस डॉग (MASS) की सहायता से लगातार सघन सर्चिंग की गई। सर्चिंग के दौरान पुलिस डॉग बार-बार एक ही स्थान पर जाकर रुक रहा था, जिससे उस स्थान को संदेह के आधार पर चिन्हित कर पुलिस द्वारा बारीकी से जांच की गई। पुलिस सर्चिंग के दौरान पुलिस डॉग जिस स्थान पर बार-बार रुक रहा था। वह स्थान हल्के चौधरी (मृतिका का भाई) के घर के पास पाया गया। संदेह के आधार पर पुलिस टीम द्वारा उसके घर एवं आसपास के क्षेत्र की तलाशी ली गई। इस तलाशी के दौरान उसके आंगन में खून से लथपथ अधजले कपड़े पाए गए, जिन्हें विधिवत जप्त किया गया।उक्त परिस्थितियों के आधार पर हल्के चौधरी पर हत्या किए जाने का संदेह होने पर उसके संबंध में जानकारी एकत्र कर पूछताछ की गई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ जिला कटनी की ओर चला गया है। उक्त संदेहियों के कटनी की ओर जाने की सूचना मिलते ही थाना गोटेगांव पुलिस की टीम को उनकी तलाश एवं पतासाजी हेतु रवाना किया गया जिसके परिणाम स्वरूप संदेही हल्के चौधरी, गुड्डू उर्फ कलिराम चौधरी तथा गुड्डू की पत्नी रीना को जिला कटनी के थाना स्लीमनाबाद पुलिस टीम की सहायता से अभिरक्षा में लिया गया। बताया जाता है कि घटना के मुख्य आरोपी हल्के चौधरी को अभिरक्षा में लेने के उपरांत उससे गहनता से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अपने जीजा छुटई चौधरी एवं बहन श्रीमती केरा बाई की हत्या करना स्वीकार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी हल्के चौधरी द्वारा बताया गया कि मृतकों एवं उसके बीच पूर्व से पारिवारिक विवाद चल रहा था। वही पुत्र की शादी होना थी, जिसके लिए उसने अपने जीजा छुटई चौधरी एवं बहन श्रीमती केरा बाई से जेवरात एवं पैसों की मांग की थी। मृतकों द्वारा पैसे एवं जेवरात देने से मना करने पर उनके बीच विवाद हो गया। इसी बात से आक्रोशित होकर आरोपी ने आवेश में आकर अपने साथियों के साथ मिलकर दोनों की धारदार हथियार से हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने वाले आरोपी हल्के भैया चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, गुड्डू उर्फ़ कालीराम चौधरी सहित अन्य दो महिलाये निवासी ग्राम बम्होरी एवं बड्डू उर्फ़ भुवन चौधरी निवासी ग्राम सूखाखैरी को गिरप्तार करते हुये इनके पास घटना को अंजाम देने के बाद लूटे गये जेबरों में 1 चांदी का हाफ कड़ोरा, 02 जोड़ी चांदी की पायल, 04 नग पैर के लच्छे, 1 चांदी की चैन, 01 चांदी का मंगल सूत्र, 01 चांदी का ब्रासलेट, 01 चांदी की अंगूठी एवं हत्या में प्रयुक्त चाकू एवं हसिया जप्त किये गये। इस तरह पुलिस द्वारा दोहरे हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में सफलता हालिस करते हुये आरोपियों को गिरप्ता करने के बाद मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।




## वन विभाग की टीम द्वारा रात्रिकालीन गस्त के दौरान दो बाईक सहित पकड़ी सगौन लकड़ी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

क्षेत्र के वनों में हो रही सागौन की अवैध कटाई को रोकने के लिये जिला वन अधिकारी सुश्री कल्पना तिवारी के मार्ग दर्शन में अनुविभागीय अधिकारी सुनील कुमार वर्मा तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी महेश पुष्कर द्वारा अपनी टीम के साथ बीते हुये दिनों रात्रीकालीन गस्त के दौरान दो युवकों को अवैध रूप से सागौन की चरपटे मोटर साईकिल पर ले जाते हुये पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। वही सालीचौका में एक व्यक्ति के घर से भी लकड़ी जप्त की गई है। इस संबंध में सुनील वर्मा एसडीओ वन विभाग द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि हमारी अलग अलग टीमों में शामिल वन रक्षक राजेश कौरव, घनश्याम श्रीवास, महेन्द्र शर्मा, मनीष सिलावट, सतीश शर्मा, प्रिंस साहू, उमेश ठाकुर, ब्रज किशोर ठाकुर, राम किशोर सराठे तथा वाहन चालक योगेश वर्मा, नारायण वर्मा द्वारा की जा रही गस्त के दौरान दो व्यक्तियों को मोटर साईकिलों के माध्यम से सागौन चरपटे ले जाते हुये पकड़कर जब उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम चतुर बाथरे निवासी बारहाबड़, फूलचंद धानक ग्राम बैरागढ बताया गया। इसके पास से सौगान चरपटे सहित दो मोटर साईकिले जप्त की गई है। इसी प्रकार से ग्राम सालीचौका निवासी गजराज रोहेला के यहां घर के अंदर रखी हुई सागौन लकड़ी को जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। सभी आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला कायम करते हुये मा. न्यायालय में पेश करते हुये कार्यवाही की जा रही है।

# सूखाखैरी में आयोजित हुआ कांग्रेस का किसान मजदूर महापंचायत व कार्यकर्ता सम्मेलन, एनटीपीसी के चलते हर दिन क्षेत्र की मिल रही मौतें- पटवारी






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

मंगलवार को क्षेत्र में कांग्रेस नेताओं का महाकुंभ लगने के चलते संपूर्ण क्षेत्र में गहमागहमी का महौल देखने मिला। कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक सुनीता पटैल के कार्यकाल में पहलीबार आयोजित हुये किसान मजबदूर महापंचायत व कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के अलावा धमेन्द्र सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष किसान कांग्रेस कमेटी, उमंग सिंगार नेता प्रतिपक्ष सहित पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा, पूर्व विधासभा अध्यक्ष एन पी प्रजापति, पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक संजय शर्मा, दीन दयाल ढमोले, सुनील जायसवाल, लाखन सिंह पटैल, संतोष पटैल जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस, शैलेन्द्र दीवान, पूर्व जिला अध्यक्ष मैथली शरण तिवारी, नरेन्द्र सिंह राजपूत, दैवेन्द्र पटैल पूर्व जिला पंचायत सदस्य, सुश्री मोना कौरव के आलवा अन्य जिला व स्थानीय स्तर के नेतागण मौजूद रहे। आयोजन स्थल पर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष का पूर्व विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमति सुनीता पटैल द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदान करते हुये स्वागत किया गया। वही दूसरी ओर क्षेत्र की संस्कृति के अनुसार महिलाओं द्वारा कलश लेकर अतिथियों का स्वागत करने पर जीतू पटवारी द्वारा कलश पूजन के उपरांत आयोजन स्थल पर पहुंचे। कार्यक्रम को रामेश्वर नीखरा व एन पी प्रजापति द्वारा संबोंधित करते हुये कहा कि केन्द्र से लेकर प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी देश को बर्बाद करने पर तुली है। देश का हाल यह बन चुका है जहां एक ओर देश को विश्वगुरू बनाने की बात तो कही जाती है। मगर अमिरीका के सामने सिर झुगाते हुये देश की गरीमा पर कालिख पोतने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। वही कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक संजय शर्मा द्वारा क्षेत्र में बढ़ रहे मादक पदार्थो के अवैध कारोबार को लेकर प्रहार करते हुये कहा कि आज क्षेत्र की स्थिति इस तरह से बन चुकी है कि यदि पुलिस द्वारा कही अवैध शराब या फिर अन्य प्रकार की कोई करती है तो उसमें सत्ताधारी नेताओं से लेकर उनके इर्द गिर्द घुमाने वालों की सच्चाई उजागर होने से नही चूक पा रही है। जनता की सेवा करने के नाम पर कुर्सी पर बैठने वाले आज अवैध कार्यो में लिप्त होकर रह चुके है। वही दूसरी ओर स्वास्थ्य सेवाओं का लेकर शर्मा ने कहा कि कहने के लिये तो सरकार द्वारा आमजन को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा के नाम पर आयुष्मान कार्ड प्रदान करने की बात कही जाती है। मगर इस कार्ड के माध्यम से किन अस्पातालां में इलाज होता है यह सच्चाई शायद ही किसी से छिपी नही होगी। यदि मरीज किसी अस्पाताल में इस र्गड के माध्यम से इलाज कराता है तो बीमारी किसी भी प्रकार की क्यों न हो उसके लाखो रूपया कार्ड के माध्यम से कट जाते है। वही कार्यक्रम को कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि आज बड़े दुख की बात है कि जहां हमारे देश व प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी के नेता अपने आपको किसान का बेटा कहने में पीछे नही रहते है। मगर जब किसानों को मदद की जरूरत होती है तो इन नेताओं के दर्शन नही होते है। पटवारी द्वारा अपने संबोधन में एनटीपीसी को लेकर बोलते हुये कहा कि इस क्षेत्र में एनटीपीसी कारखाना लगा हुआ है। मगर इस एनटीपीसी से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलना चहिये था। वह कोसो दूर तक दिखाई नही दे रहा है। यह बात जरूर है कि इस एनटीपीसी के माध्यम से प्रतिदिन क्षेत्रवासियों की मौते जरूर हो रही है। एनटीपीसी का सही लाभ सिर्फ सत्ताधारी पार्टी के नेताओं को मिल रहा है। जो अपने डम्फरों से लेकर अन्य प्रकार के कार्यो में शामिल होकर धनवान बनने में पीछे नही है। इस प्रकार से कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं द्वारा भी संबोधित किया गया।

# कुछ साल पहले स्कूलों में शासन की राशि से बनाई गई टंकिया अनेक जगहों पर नहीं मना पाई अपना जन्म दिवस




**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** सरकार द्वारा शासकीय शिक्षण संस्थाओं में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं को पीने के पानी को लेकर किसी भी प्रकार से परेशान न होना पड़े इस बात को ध्यान में रखते हुये एक नई योजना चलाते हुये लाखों रूपया खर्च किये जाते है। मगर देखा जाता है कि सरकार द्वारा चलाई जाने वाली यह योजनाये अधिकारियों से लेकर संबंधित ठेकेदारों के लिये मलाई साबित होते हुये देखी जाती है, जिसके चलते शासन की लाखों रूपया की राशि खर्च होने के बाद भी वह निर्माण कार्य अपना एक जन्म दिन मनाने के पहले ही गायब नजर आने लगते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये वर्ष स्कूलों में बच्चों को पानी पीने के लिये टंकियों का निर्माण कराया गया था। मगर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में देखा जावे तो एक वर्ष पहले बनाई गई यह टंकिया जहां गायब नजर आ रही है तो दूसरी ओर अनेक जगहों पर टंकियों में लगे हुये नल टूटे दिखाई दे रहे है। बताया जाता है कि शासन की योजना के स्कूलों में बच्चों को आसानी से पानी उपलब्ध कराये जाने की सोच के चलते एक वर्ष पहले पानी टंकियों का निर्माण कराते हुये उनमें अनेक नल लगाये गये थें। इस कार्य को पूर्ण करने के लिये ठेकेदारों को जिम्मेदारी सौपी गई थी। मगर सही मायने में देखा जावे तो सरकार की इस योजना के चलते मात्र सरकारी धन की होली खेलने के आलवा और कुछ साबित होते हुये नजर नही आया है? क्योंकि ठेकेदार द्वारा इन टंकियों में नल लगाने का कार्य पूर्ण करते हुये वहां की फोटो अधिकारियों को भेजने के बाद जिस तरह इतिश्री की गई थी उसका परिणाम है कि निर्माण के चंद दिवस उपरांत ही वह नल टूटकर गिरते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहे थें तो दूसरी ओर अब देखा जावे तो स्कूलों में निर्मित यह टंकिया व नल अपना पहला जन्म दिवस मनाने के पहले ही गायब नजर आने लगे है? क्योंकि जब भी कोई सीमेन्ट से संबंधित निर्माण कार्य होता है तो कुछ दिनों तक उसकी पानी के माध्मम से तराई की जाती है तब कही वह निर्माण कार्य मजबूत होता है। मगर निर्माण कार्य करने वाली संस्था द्वारा मात्र निर्माण कार्य की औपचारिकता पूर्ण करते हुये उन्हें भुला दिया गया था जिसका परिणाम क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं में निर्माण के चंद दिवस बाद टूटते हुये नलों के रूप में आसानी से देखने मिलना शुरू हो गया था और एक साल का समय पूरा भी नही गुजर पाया है और नल से लेकर टंकिया गायब नजर आने लगी है? कुछ इसी प्रकार से जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली अनेक ग्राम पंचायतों की माध्यमिक शाला भवन में आसानी से देखने मिल सकता है जहां पर इन टंकियों का लगभग एक वर्ष पहले निर्माण कार्य किया गया था मगर निर्माण के दौरान अपनाई गई गुणवत्ता तथा उनकी तराई को लेकर ठेकेदार द्वारा कोई कदम नही उठाये जाने के चलते शासन की राशि की होली खेलने के समान साबित होने से नही चूक पाया है। यह बात अलग है कि कुछ स्कूलों के शिक्षको द्वासरा जरूरी अपनी जागरूकता सहित दायित्वो का निष्ठा के साथ पालन किया गया था जिसके चलते वहां की टंकिया आज सुरक्षित नजर आ रही है। मगर यह सच्चाई मात्र चंद स्कूलो में ही देखने मिल सकती है। इस तरह ठेकेदार की जिम्मेदारी का कार्य शिक्षकों को करते हुये शासन की राशि को बर्बाद होने से बचाया गया है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो बीते हुये लगभग एक साल पहले क्षेत्र की अनेक शिक्षण संस्थाओं में इस तरह टंकियों में नल लगाने का कार्य हुआ है। मगर यदि उन स्कूलों में पहुंचकर देखा जावे तो वह टूटे हुये दिखाई देने से नही चूक रहे है। इस सच्चाई को देखते हुये सबाल यह पैदा हो रहा है कि आखिरकार इस तरह औपचारिकता पूर्ण कार्य के नाम पर सरकार के धन की होली खेलने का क्या औचित्व है..?

# नगर में पुराने पेड़ों सहित पानी टंकी क्षेत्र में शाम होते ही खुलेआम छलकते हुये दिखाई देते हैं शराब के जाम.

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय नगर में जिस प्रकार से जहां नगर के अंदर रहवासी इलाकों में शराब दुकानों का जो संचालन हो रहा है उसके चलते जहां संपूर्ण नगर में आये दिन शराब खोरी करने वालों का आंतक तो मचा ही रहता है। वही इन दुकानों के आसपास संचालित हो रहे मांस व अंडे की दुकानों के चलने के कारण नगर का वातावरण पूर्णरूप से प्रदूषित हो चुका है, वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि शहर में युवाओं व किशोरों में लगातार शराब पीने का शौक कितना अधिक बढ़ता जा रहा है। इसकी मिशाल रात के समय नगर के अंदर संचालित हो रही शराब दुकानों पर जुटने वाली भीड़ को देखने से ही मिल रही है। लेकर नगर में लायसेंस शुदा बीयरवारों के न होने की स्थिति में युवा महंगी शराब खरीदने के बाद भी जाम छलकाने के लिए ठंड के माहौल में भटकते हुए जगह की तलाश करते हुए नजर आ रहे है और कभी कभार तो यह लोग ऐसे स्थानों पर खुलेआम शराब पीने लगते है जिनके आसपास रहवासी लोगों के मकान बने होते है तथा राहगीरों व वाहनों की लगातार आवाजाही होती रहती है। इस प्रकार से नगर में देखा



जावे तो जहां तहां शराबियों द्वारा जमाये जाने वाले अड्डो के चलते आम लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल होते हुए देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर शराब पीने के शौकीन युवाओं ने रात में अब सड़कों के किनारों पर सीना ताने खड़े हुए बडे आकार के उन पेड़ो का सहारा लेना शुरू कर दिया गया है जिनकी कटाई, छटाई वर्षो से न होने से उनके इर्द गिर्द रात में अंधेरा व्याप्त रहता है। बताया जाता है कि इन वृक्षों की ओट में बैठे हुए शराब के शौकीन युवा जरूरत पड़ने पर मोबाईल की रोशनी में शराब पीकर शोर मचाते हुए देखे जाते है जिसके चलते आसपास निवास करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है। कुछ इसी प्रकार का हाल नगर की पानी टंकी क्षेत्र में भी देखने मिल रहा है। बताया जाता है कि शाम होते ही नगर की पानी टंकी यानि की कामथ काम्पलेक्स के पीछे वाले हिस्से में शाम से लेकर देर रात तक खुलेआम जाम से जाम टकराने का दौर चलने के कारण इस मार्ग से आमजन का निकलना दुभर होने लगा है। इस प्रकार से देखा जावे तो पुलिस की उदासीनता के चलते नगर में जहां तहां हो रही शराबखोरी के चलते नगर की शांति प्रिय माने जाने वाली मर्यादा लगातार तार तार होने की हालत में आती जा रही है, वही दूसरी ओर नगर के अंदर संचालित हो रही शराब दुकानों के आसपास बीक रहे मांसाहारी सामग्री के चलते वहां पर स्थित मंदिरों में पूजन करने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करते हुए देखा जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### क्लस्टर स्तरीय संकल्प से समाधान अभियान आयोजित 1683 आवेदनों का निराकरण



**डिंडौरी।** विकासखंड समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पडरिया 03 में मंगलवार 10 मार्च 2026 को क्लस्टर स्तरीय संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी गईं और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया। जानकारी के अनुसार पडरिया 03 क्लस्टर अंतर्गत 12 ग्राम पंचायतों से कुल 1683 आवेदन ऑनलाइन दर्ज किए गए जिनका निराकरण करते हुए हितलाभ वितरण सुनिश्चित किया गया।कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती नीतू लखन बर्मन सरपंच ग्राम पंचायत पडरिया 03 श्री माधव सिंह तेकाम झांकी से श्री गणेश कुमार मार्को मझगांव से श्री शिवकुमार बिलाईखार से श्री कमल प्रसाद कुशराम सहित खंड और क्लस्टर स्तर के अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### कोल इंडिया के 450 नान-एक्जिक्यूटिव कर्मचारियों को मिलेगा प्रमोशन

**राजनगर।** भारत की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के अनुषंगी कंपनियों में नान-एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों को अधिकारी पद पर पदोन्नत करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। कंपनी के मानव संसाधन विभाग ने विभागीय प्रमोशन प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया है और 15 मार्च तक चयनित कर्मचारियों की अंतिम सूची जारी होने की संभावना है। उल्लेखनीय है, कि कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों के कुल 4400 कर्मचारियों ने विभिन्न विभागों में अधिकारी बनने के लिए आवेदन किया था।

# जनसुनवाई में 43 आवेदन प्राप्त, कलेक्टर ने त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश





डिंडौरी।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले भर से आए नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत ग्राम बानो ग्राम पंचायत कोको के ग्रामीणों ने पेयजल संकट को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नल जल योजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है लेकिन बोर खनन पानी की टंकी निर्माण और घरों में कनेक्शन का कार्य अभी तक नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने योजना का कार्य शीघ्र पूरा कर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

इसी प्रकार जनपद पंचायत डिंडौरी के ग्राम पंचायत कसमाल के घानामार जलाशय के पट्टे को लेकर भी आवेदन दिया गया। आवेदक ने बताया कि कृषि स्थायी समिति की बैठक में जलाशय को सिताही कुटकी उत्पादक सहकारी समिति को दिए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया था लेकिन बाद में अन्य समिति को पट्टा स्वीकृत कर दिया गया। आवेदक ने उक्त आदेश निरस्त कर प्रस्ताव के अनुसार समिति परिवर्तन की मांग की।जनसुनवाई में ग्राम रनगांव निवासी शिवचरण उरेती ने हल्का पटवारी द्वारा कार्य में लापरवाही की शिकायत की। उन्होंने बताया कि उनकी भूमि खसरा नंबर 588 बटा 2 में लगे साल के पेड़ों को काटने की अनुमति के लिए 27 नवंबर 2025 को आवेदन दिया गया था लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की मांग की।

वहीं ग्राम साम्हर निवासी रेनका बाई ने अपनी भूमि खसरा नंबर 112 109 और 110 के नक्शा सुधार आदेश के बावजूद कंप्यूटर अभिलेख में नक्शा दर्ज नहीं होने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा 25 नवंबर 2024 को आदेश जारी किया गया था लेकिन अब तक नायब तहसीलदार स्तर पर कंप्यूटर में नक्शा अपडेट नहीं किया गया है। उन्होंने नक्शा अद्यतन कराने के लिए निर्देश जारी करने की मांग की।जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी अपर कलेक्टर जेपी यादव एसडीएम भारती मेरावी डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित उत्कृष्ट महिलाओं का हुआ सम्मान








डिंडौरी।

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खेल मैदान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं छात्राएं और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डिंडौरी ओमकार मरकाम और विधायक शहपुरा ओमप्रकाश धुर्वे रहे। इसके साथ उजयारों बाई फुलझरी बाई जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजू व्यौहार नगरपालिका उपाध्यक्ष सारिका नायक तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति प्रकाश धुर्वे सहित कई जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल हुए। जिला प्रशासन की ओर से पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन जिला शिक्षा अधिकारी सुमन परस्ते सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। लोकनृत्य करमा और सैला नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। स्थानीय कलाकारों ने भी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए पारंपरिक वेशभूषा में कबड्डी और रस्साकस्सी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि इसमें 50 से 60 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं ने भी उत्साह के साथ भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विभागीय कर्मचारी महिलाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिला जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारी महिलाओं को भी शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।विधायक शहपुरा ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि नारी सम्मान और सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जब नारी शिक्षित होगी तब समाज और देश का विकास भी तेज गति से होगा।विधायक डिंडौरी ओमकार मरकाम ने कहा कि भारत ऐसा देश है जहां महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के समान अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा स्वास्थ्य प्रशासन राजनीति सेना और खेल सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। गांव से लेकर शहर और देश की सीमाओं तक महिलाएं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब महिलाओं को सम्मान शिक्षा और अवसर मिलें।

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य शिक्षा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने महिलाओं से शिक्षा स्वावलंबन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया और सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# कॉलेज विद्यार्थियों को पुस्तक और स्टेशनरी का वितरण



बजाग।

शासकीय महाविद्यालय बजाग में अध्ययनरत नियमित अनुसूचित जाति और जनजाति के विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें और स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए पुस्तक के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें अध्ययन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को अपनी क्षमता और रुचि के अनुसार सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए निर्णय लेने की क्षमता विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कॅरियर गाइडेंस के माध्यम से नौकरी के अवसर उच्च शिक्षा और कौशल विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी विद्यार्थियों को दी।

इस अवसर पर तहसीलदार भारत सिंह वटटे ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को अध्ययन में निरंतरता बनाए रखने और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार कुशवाह ने राज्य शासन की इस योजना के क्रियान्वयन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तिगत शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि इससे वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होते हैं।पुस्तक और स्टेशनरी वितरण के दौरान बीआरसी बजाग ब्रजभान सिंह गौतम पुस्तकालयाध्यक्ष सतीश कुमार वर्मा और डॉ दुर्गा प्रसाद गुप्ता भी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने शासन और महाविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।सभी वर्ग के विद्यार्थियों को भारत सरकार की ओएनओएस योजना के तहत शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रिसर्च जर्नल निःशुल्क उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी बताई गई। साथ ही ई ग्रंथालय के माध्यम से इंटरनेट संसाधनों से विद्यार्थियों को पुस्तक और नोट्स उपलब्ध कराने के लिए निःशुल्क ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की जानकारी दी गई।




# बजाग में जनगणना प्रशिक्षण आयोजित

बजाग।

कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी डिंडोरी के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय जनगणना अधिकारी बजाग रामबाबू देवांगन के निर्देशन में विकासखंड बजाग में प्रस्तावित प्रगणक पर्यवेक्षक मास्टर ट्रेनर जनशिक्षक पटवारी सचिव और वनरक्षक के लिए जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण और मकान गणना एचएलओ की प्रक्रिया से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।यह प्रशिक्षण शासकीय महाविद्यालय बजाग में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित किया गया। पहली पाली प्रातः 11 बजे से दोपहर 1൦30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चली।

प्रशिक्षण के दौरान जनगणना 2027 का प्रारंभिक परिचय दिया गया। इसमें भवन जनगणना मकान और परिवार की पहचान करने की प्रक्रिया तथा उनकी नंबरिंग के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही एचएलओ ऐप के उपयोग की विस्तृत जानकारी भी दी गई।प्रशिक्षण पीपीटी के माध्यम से सहायक प्रबंधक ई गवर्नेंस भरत अग्रवाल द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में महिलाओं ने भी उत्साह के साथ भागीदारी की। कार्यक्रम में कुल 240 प्रतिभागी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन तहसीलदार बजाग भरत सिंह बट्टे प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बजाग मास्टर ट्रेनर बीआरसी गौतम और अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।इसी क्रम में करंजिया विकासखंड में 12 मार्च 2026 को भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम क्या हुआ शुभारंभ



अमरपुर।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की क्षमता वर्धन प्रशिक्षण योजना ग्राम पंचायत मोहनझिर माल में एक दिवसीय सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन समितियों के क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुई। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष हन्नु सिंह पट्टाए विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य राम किशोर ठाकुर तथा स्थानीय सरपंच ओम सिंह मरावी की अध्यक्षता एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक एवं इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अमरलाल धुर्वे की उपस्थिति में भारत माता के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष हन्नु सिंह पट्टा द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण में मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने.अपने गांव में जन अभियान परिषद की योजना अंतर्गत उसकी मुख्य अवधारणा स्वैच्छिकताए सामूहिकता और स्वावलंबन को निस्वार्थ भाव से साकार करने तथा शासन की योजनाओं को गांव के अंतिम छोर में बैठे पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने हेतु कहा गया तथा जन अभियान परिषद की योजनाओं की सराहना करते हुए आगामी समय में हर समय शासकीय योजनाओं में मदद करने हेतु कहा गया। जिससे ग्राम का विकास हो सके और लोग आत्मनिर्भर बन सकें। तदृपश्चात प्रशिक्षण के प्रारंभ में मोहनझिर सेक्टर के नवांकुर संस्था के कार्यक्रम समन्वयक गणेश केवर्थ द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा बताई गई। साथ ही राज्य कार्यालय द्वारा निर्देशित विषय वस्तु द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित प्रतिभागियों को विधिवत विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दी गई। जिसमें उक्त विषयों को बताया गया। जिसमें सर्वप्रथम विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की परिकल्पना ;स्वेच्छिकए सामूहिकताए स्वावलंबनद्धए समग्र ग्राम विकास की अवधारणा एवं चरण के विषय को बताया गया तथा स्वैच्छिक संस्थाओं का गठन एवं प्रबंधन और प्रस्फुटन समितियों का दस्तावेजीकरण के विषय में नवांकुर समन्वयक गणेश केवर्थ और अरविंद कुमार यादव द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। परामर्शदाता इसके पश्चात परामर्शदाता लाल सिंह ठाकुर और मनोज तंतुवाय द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के संबंध में तथा सामूहिक नेतृत्व के विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में उद्यानकी विभाग से सीण एलण नागेश प्रभारी वरिष्ठ उद्यान अधिकारी संजय निकुंज देवरी के द्वारा उद्यान की विभाग की योजनाओं के बारे में बताते हुए अपने.अपने ग्रामों के कृषकों सर्वप्रथम कृषि संबंधी पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर अप्रैल में ऑनलाइन पंजीयन कर शासकीय अनुदान प्राप्त कर उन्नत कृषि अपनाते हुए अपने आय में वृद्धि कर आत्मनिर्भर बनने को कहा गया। उक्त कार्यक्रम में प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्षए सचिवए सदस्य तथा नवांकुर सखी सहित 32 प्रतिभागियों ने भाग लिए। जिन प्रतिभागियों को विकासखंड समन्वयक द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# चांदी गिरवी रखकर लाखों की धोखाधड़ी सूदखोरी मामले में आरोपी की जमानत खारिज

डिंडोरी।

सूदखोरी और धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में न्यायालय न्यायिक दण्डाधिकारी डिंडोरी ने आरोपी रूप चंद्र साहू का ज़मानत आवेदन निरस्त करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दिए। मामला थाना गाड़ासरई में दर्ज अपराध क्रमांक 17ध्2026 से संबंधित है जिसमें आरोपी के विरुद्ध धारा 420 भारतीय दंड संहिता तथा मध्यप्रदेश ऋणियों का संरक्षण अधिनियम 1937 की धारा 3 एवं 4 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रकरण के अनुसार आरोपी ने 19 फरवरी 2023 को लगभग 11൦400 किलोग्राम चांदी के जेवरात दो प्रतिशत मासिक ब्याज पर गिरवी रखकर फरियादी से 850000 रुपये की राशि प्राप्त की थी। इसके बाद वर्ष 2024 में धनतेरस के अवसर पर जब फरियादी ने अपने जेवरात वापस लेने और पूरा हिसाब करने की बात कही तो आरोपी ने उससे 300000 रुपये अतिरिक्त प्राप्त कर लिए और बाद में हिसाब कर चांदी वापस करने का आश्वासन दिया लेकिन इसके बाद वह लगातार टालमटोल करता रहा और चांदी वापस नहीं की।



सुनवाई के दौरान आपत्तिकर्ताध् फरियादी की ओर से अधिवक्ता सम्यक जैन एवं अरविंद सोनी ने न्यायालय के समक्ष कड़ा पक्ष रखते हुए कहा कि आरोपी ने प्रारंभ से ही धोखाधड़ी की मंशा से फरियादी को विश्वास में लेकर उससे बड़ी राशि प्राप्त की। यह कृत्य भारतीय दंड संहिता की धारा 420 के आवश्यक तत्वोंकृअर्थात छलपूर्वक धोखा देकर संपत्ति प्राप्त करनाकृको स्पष्ट रूप से सिद्ध करता है।अधिवक्ता सम्यक जैन ने यह भी तर्क दिया कि आरोपी द्वारा बिना वैध लाइसेंस के अत्यधिक ब्याज दर पर धन का लेन.देन करना तथा गिरवी रखी गई संपत्ति को वापस न करना मध्यप्रदेश ऋणियों का संरक्षण अधिनियम 1937 की धारा 3 एवं 4 के प्रावधानों का भी प्रत्यक्ष उल्लंघन है। उन्होंने न्यायालय को बताया कि आरोपी का कृत्य योजनाबद्ध आर्थिक शोषण और आपराधिक विश्वासघात की श्रेणी में आता है। यदि आरोपी को ज़मानत का लाभ दिया जाता है तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता हैए फरियादी पर समझौते के लिए दबाव बना सकता है तथा साक्ष्यों से छेड़छाड़ कर प्रकरण को प्रभावित करने का प्रयास कर सकता है। इसलिए ऐसे गंभीर आर्थिक अपराध में आरोपी को जमानत का लाभ दिया जाना न्यायहित में नहीं होगा।दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात न्यायालय ने मामले की गंभीरता और प्रस्तुत तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए आरोपी का ज़मानत आवेदन निरस्त कर दिया तथा उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दिए।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग फांसी पर झूली

**तेंदूखेड़ा** सोमवार को तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 04 टाल मुहल्ला में रहने वाले श्रीधर पहाडिया की 14 वर्षीय पुत्री ने किराये के घर में फांसी की फंदे पर झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। नाबालिग ने फांसी क्यों लगाई पुलिस पूरी सूक्ष्मता से मामले की विवेचना में जुट गई है। और इसकी डायरी महिला सब इंस्पेक्टर आरती वर्मा को सौंपी गई है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार सोमवार के दोपहर को घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने नाबालिग को नीचे उतारा उस समय नाबालिग का पिता घर पर नहीं था फांसी कब लगाई इसका भी खुलासा सूक्ष्मता से जांच के बाद ही सामने आ पायेगा। चूंकि नाबालिग की मां ने भी कुछ समय पूर्व ही अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। पिता के आने के बाद ही पोस्टमार्टम की कार्यवाही संभव हो सकी। इस संबंध में जब हमारे प्रतिनिधि ने नगर निरीक्षक से चर्चा की तो उनका कहना है कि चूंकि मामला नाबालिग लड़की का है और उसके पिता घर में भी नहीं थे।हर एंगिल से इसकी जांच की जा रही है। और महिला सब इंस्पेक्टर को ही इसकी विवेचना सौंपी गई है।

### तीन दिवस में जांच करने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीते दिनों चैधरी अहिरवार समाज द्वारा सौंपे गये ज्ञापन मे बाद कार्रवाई करते हुए कलेक्टर के निर्देश पर शमशान की भूमि का नाप तौल करने निर्देश श्रीमती मंजू विश्वकर्मा राजस्व निरीक्षक को पत्र के माध्यम से कहा गया। पत्र में उल्लेख है कि 3 दिवस में मुक्तिधाम की भूमि की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें तथा मुक्तिधाम जाने वाले रास्ते की जांच की जावे।

### पेयजल हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड नरसिंहपुर ने बताया कि जिले में ग्रीष्मकाल में संभावित पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैंडपंपों के खराब होने जल स्तर में गिरावट के कारण पेयजल संकट निवारण की सतत निगरानी के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नरसिंहपुर में कंट्रोल रूम स्थापित करने का आदेश जारी किया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07792-230210 है। इसके अलावा नियंत्रण कक्ष के प्रभारी सीएल चैधरी को नियुक्त किया गया है।

### ग्राम करताज में आयोजित हुआ पशु जागरूकता शिविर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** क्षीर धारा योजना के अंतर्गत पशुपालन एवं डेयरी विभाग नरसिंहपुर द्वारा जिले के ग्राम करताज में एक दिवसीय पशु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य पशुपालन को आधुनिक बनाने और पशुपालकों को शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से अवगत कराना है। शिविर के दौरान विभागीय टीम ने ग्राम का भ्रमण किया। शिविर प्रभारी एव्हीएफओ हरिहर बुनकर ने अपनी पशु चिकित्सीय टीम के साथ पशुओं का सघन स्वास्थ्य परीक्षण किया। एव्हीएफओ रोहित मेहरा और प्रिंस मुड़यि ने ग्राम के पशुओं का गर्भ परीक्षण किया गया और पशुपालकों को उचित प्रबंधन के सुझाव दिए गए। शिविर में कृषि विस्तार अधिकारी रवि कुमार ठाकुर ने ग्रामीणों से अपील की कि वे जैविक खेती और ऊर्जा संरक्षण के लिए गोबर गैस संयंत्र का अधिक से अधिक निर्माण कराएं। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा इसके निर्माण हेतु 13 हजार 500 रुपये की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। पशुपालकों के लिए कृषि विभाग में चैफ कटर उपलब्ध हैं, जिस पर शासन द्वारा 6 हजार रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. सुनील बृजपुरिया ने कहा कि निराश्रित गौवंश को आश्रय प्रदान करने और जिले की गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शिविर में भूपेंद्र ओरिया, एबीपीओ डॉ. एमपी तिवारी, सचिव, रोजगार सहायक, पशु परिचारक नर्मदा प्रसाद मेहरा, गौसेवक नरोत्तम शर्मा के अलावा ग्रामीणजन मौजूद थे।

## आदेश के पूर्व ही करा लिया गया निर्माण कार्य

# प्री कास्ट बाउंड्री वॉल के निर्माण में अनियमितताएं



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जिले की ग्राम पंचायतों की कार्य प्रणाली पर आये दिन सवाल उठते रहते है। प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्य प्रणाली के कारण लोग को परेशानी का सामना करते रहते है साथ प्रशासन की कार्यशैली पर भी प्रश्न चिन्ह लगता है ऐसा ही मामला जिले की ग्राम पंचायतों से सामने आया जहां पर सरकार के आदेश के पूर्व ही निर्माण कर लिया गया। उक्त निर्माण कार्य के लिए सरकार का आदेश बाद मे जारी हुआ उसके पूर्व ही प्रशासन के कर्मचारियों द्वारा स्टीमेट बना कर निर्माण कार्य कराकर भुगतान भी करा लिया गया। लोगों का कहना है कि पंचायत के कर्मचारी सरकार से भी एक कदम आगे कार्य कर रहे है।

### मामला इस प्रकार

प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में प्री कास्ट बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य कराये जाने के लिए 6 फरवरी को आदेश जारी किया गया। लेकिन जिले की अनेकों पंचायतों द्वारा आदेश आने के पूर्व ही निर्माण कार्य कराकर भुगतान करा लिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के तहत निर्माण कार्य कराया जाना था लेकिन ग्राम पंचायत व जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारियों की मिलीभगत के चलते लोक निर्माण कार्य के मापदंडों के आधार पर प्री कास्ट बाउंड्रीवाल का निर्माण करा लिया गया। प्रशासन को चाहिए की मामले की जांच कर ठोस कार्रवाई जावे जिससे कर्मचारियों द्वारा सरकार के निर्देशों का पूरी तरह पालन कराया जाये।



### लाखों रूपए के निर्माण कार्य पर संदेह

जिले की अनेकों पंचायतों में सरकार आदेश के पूर्व ही शासकीय राजकोष से लाखों रूपए का निर्माण कार्य प्री कास्ट बाउंड्री वॉल के रूप में कर लिया गया। जबकि सरकार द्वारा प्री कास्ट बाउंड्रीबाल निर्माण के संबंध 6 फरवरी को संचालनालय द्वारा आदेश जारी कर निर्माण की अनुज्ञा जारी की गई। परन्तु जिले की अनेकों पंचायतों द्वारा सरकार के आदेश पूर्व ही लोक निर्माण विभाग की नियमों के आधार पर निर्माण कार्य पूर्ण कर राशि का आहरण भी कर लिया गया। ग्राम पंचायतों के उक्त कार्य के चलते लोगों के मन मे कई प्रकार के सवाल उत्पन्न हो रहे है। प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को चाहिए की मामले की सूक्ष्मता से जांच कर ठोस कर्रवाई की जाये।

### संदेह के घेरे मे सहायक यंत्री एवं उपयंत्री

जिले की ग्राम पंचायतों द्वारा किये गए प्री कास्ट बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य में सहायक यंत्री एवं उपयंत्री की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ रहें है। जानकारों के अनुसार प्री कास्ट बाउंड्रीबाल निर्माण को लेकर सरकार के आदेश जारी हुए बैगर किस आधार पर निर्माण कार्य कराया गया। निर्माण टी एस एवं मूल्यांकन तथा सी सी जारी होने को लेकर सवाल उठ रहे है। जबकि प्रदेश सरकार के निर्देश पर संचालनालय द्वारा 6 फरवरी को निर्माण की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई। परन्तु जिले की नरसिंहपुर जनपद सहित सभी जनपदों की पंचायतों द्वारा निर्माण करा लिया गया है। प्रशासन से अपेक्षा है कि ऐसी ग्राम पंचायतों की जांच कर ठोस कार्रवाई की जाए।

### इनका कहना है

उक्त संबंध में आपके द्वारा जानकारी दी गई है मे उपयंत्री एवं सहायक यंत्री से बात कर इसकी जांच कराता हूं।

**शैलेन्द्र राजपूत**
**अध्यक्ष जनपद पंचायत**

## बरहटा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं एवं 11वीं की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में खेल भावना, आत्मविश्वास तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने पूरे उत्साह के



साथ अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस गतिविधि के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन सुश्री शायना फरहीन उस्मानी, श्रीमती सरिता कोरी, सुश्री नीतू गोस्वामी, सुश्री रक्षा चैरेसिया एवं शंकर राजभर के मार्गदर्शन में किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को उनके उत्साह और सहभागिता के लिए बधाई दी तथा भविष्य में भी खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## आरटीई के तहत प्रवेश आवेदन प्रक्रिया 13 से

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत निजी मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। अभिभावक पोर्टल पर समग्र आईडी एवं आधार सत्यापन के माध्यम से न्यूनतम 3 तथा अधिकतम 10 विद्यालयों का चयन कर 13 मार्च से 28 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार कर सकेंगे। जिला परियोजना समन्वयक मनीष चैकसे ने बताया कि आवेदन के बाद 14 मार्च से 30 मार्च 2026 तक निर्धारित सत्यापन केंद्रों पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य होगा। पात्र आवेदकों को 02 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से विद्यालय आवंटित किए जाएंगे तथा चयनित अभिभावकों को एसएमएस के जरिए सूचना दी जाएगी। आवंटित विद्यालयों में 03 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। यदि प्रथम चरण के बाद सीटें रिक्त रहती हैं, तो द्वितीय चरण में पुनः आवंटन किया जाएगा। प्रवेश के लिए आयु सीमा नवीन शिक्षा नीति के अनुसार निर्धारित की गई है। नर्सरी के लिए न्यूनतम आयु 3 वर्ष, केजी-1 के लिए 4 वर्ष तथा कक्षा 1 के लिए न्यूनतम 6 वर्ष निर्धारित की गई है। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही मान्य होंगे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जनगणना समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने मकानसूचीकरण के कार्य में ई- गवर्नेंस के अधिकारी कर्मचारी को संलग्न किए जाने तथा समय सीमा के अनुसार 15 मार्च तक मकान सूचीकरण ब्लॉक का गठन करने पर इन मकान सूचीकरण ब्लॉक को अनिवार्य रूप से चिन्हित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिले में किसी भी आयोजन में जनगणना से संबंधित जागरूकता एवं प्रचार- प्रसार करने के निर्देश समस्त जिला अधिकारियों को दिए गए। बैठक में अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, प्रभारी अधिकारी डूडा, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी नरसिंहपुर, जिला जनगणना लिपिक मौजूद थे।

## श्री जी ग्रुप द्वारा मनाया गया वृंदावन होली महोत्सव

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** रंगों के महापर्व होली पर श्री जी सेवा सदन एवं श्रीजी रंगोत्सव समिति के तत्वावधान में स्थानीय सावित्री सिग्नेचर में वृंदावन होली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम "होली के रंग और श्री जी बिहारी जी के संग" रही। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वस्तिवाचन, कलश यात्रा तथा राधा-कृष्ण पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग अर्पित किया गया तथा फूलों और गुलाल के साथ श्री बाँके बिहारी जी की भक्ति में महिला भक्तों ने वृंदावन की प्रसिद्ध लट्ठमार होली का आनंद लिया। मनीष ने कृष्ण और कंचन ने राधा के स्वरूप का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राधा-कृष्ण की सजीव लीलाएँ रहीं। कृष्ण-राधा ने नगर की महिलाओं गोपियों के साथ रास रचाया तथा गुलाल और फूलों की बौछार कर पूरे वातावरण को रंगमय बना दिया। रंगों से सराबोर राधा-कृष्ण के मनमोहक नृत्यों ने नरसिंहपुर की



"गोपियों" का मन मोह लिया। आयोजकों ने बताया कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और सांस्कृतिक एकता का संदेश देने वाला उत्सव है। कार्यक्रम में महिलाओं ने फाग गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ उत्साहपूर्वक होली मनाई। आयोजन में रक्षा पालीवाल के निर्देशन तथा वरिष्ठ सदस्या नीरा बुधौलिया और अनिता ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में विनीता चैरसिया, मोनिका तिवारी, सोनल दुबे, किरण राजपूत, रजनी रजौरिया, रंजना श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम का संचालन अनुराग द्विवेदी ने किया गया।

## पेंच टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा फ्रेंड्स ऑफ मोगली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी के खवासा एवं गुमतरा में पेंच टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा फ्रेंड्स ऑफ मोगली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कुल 370 बच्चोंष ने भाग लिया। इन सभी 370 बच्चों को पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी के बफर क्षेत्र के 37 गांवों में निर्मित मोगली बाल उद्यान से आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को पर्यावरण संरक्षण वन्योप्राणी सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन आदि विषयों पर प्रेजेन्टे शन और पिक्च र के माध्यमम से जागरूक किया गया। कार्यक्रम के उपरांत बच्चों को गेम, स्वा दिष्टि भोजन, परिचर्चा तथा सफारी के माध्यरम से वन्य।प्राणी दर्शन का आनंद भी बच्चों द्वारा उठाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र संचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी के द्वारा भी बच्चों से संवाद स्थाबपित किया गया तथा मोगली बाल उद्यान की स्वेचच्छार से देखभाल रखने, पर्यावरण प्रेम करने और आगे बढने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया।कार्यक्रम में सुश्री गुरलीन कौर प्रशिक्षू भा.व.से. प्रभारी सहायक वन संरक्षक सिवनी क्षेत्र पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी, लोचन सिंह मर्सकोले जनपद पंचायत अध्यकक्ष कुरई एवं स्थाचनीय जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत बच्चों को वरिष्ठव अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के द्वारा उपहार स्व।रूप सामग्री प्रदान की गई।

## जनसुनवाई में आये 90 आवेदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 90 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का

## बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी एक घायल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

जिले के उगली थाना क्षेत्र में उगली से चांगुटोला ग्राम रोड पर सोमवार देर रात एक बाइक गड्ढे में गिरने से अनियंत्रित हो गई। इस हादसे में बाइक सवार अशोक सूर्यवंशी (40) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

यह घटना उस समय हुई जब अशोक सूर्यवंशी घंसौर ग्राम से अपने घर चांगुटोला जा रहे थे। अचानक उनकी बाइक सड़क पर मौजूद एक गड्ढे में गिर गई, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को प्राथमिक उपचार दिया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां वाहनों का आवागमन काफी अधिक रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर फिसलन या गड्डों के कारण बाइक बेकाबू हुई प्रतीत होती है। गनीमत रही कि घटना के समय आसपास अन्य वाहन या अधिक लोग मौजूद नहीं थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही उगली थाना पुलिस सक्रिय हुई।थाना प्रभारी सदानंद गोदेवार ने बताया कि बाइक फिसलने से चालक के घायल होने की सूचना मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और प्रारंभिक तौर पर यह हादसा अनियंत्रित होकर बाइक फिसलने के कारण होना बताया जा रहा है।

## लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

**सिवनी,** / कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने "संकल्प से समाधान अभियान" के अंतर्गत विभागवार प्राप्त आवेदनों तथा उनके निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने अनुभागवार संबंधित बीएमओ से आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की तथा पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाकर उनका वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र शीघ्र बनाने पर जोर दिया। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने शासन के निर्देशानुसार 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं के एचपीवी (**HPV**) टीकाकरण की अनुभागवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी पात्र बालिकाओं का चिन्हांकन कर उनके माता-पिता को टीकाकरण के लाभ एवं इसकी आवश्यकता के बारे में समझाया जाए, ताकि शत-प्रतिशत पात्र बालिकाओं का टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने स्कूलों एवं छात्रावासों में भी इस आयु वर्ग की सभी बालिकाओं का टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों से चर्चा की। उन्होंने पुराने जल स्रोतों के संरक्षण एवं नए जल स्रोतों, विशेष रूप से वॉटर सर्कुलेशन टैंक के निर्माण के लिए कार्ययोजना बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। साथ ही भूमिगत जल स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से भवन निर्माण से जुड़े विभागों को सभी निर्माणाधीन भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से स्थापित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायतों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लाभों के प्रति जागरूक कर उन्हें अपने घरों में यह प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने भीमगढ़ डेम में उपलब्ध जल की जानकारी प्राप्त कर सतत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई), नगरपालिका तथा जल संसाधन विभाग को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दो दिवसीय स्नेह सम्मेलन शुक्रवार से

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के स्नेह सम्मेलन सह वार्षिकोत्सव, 2026 का दो दिवसीय रंगारंग आयोजन शुक्रवार से शुरू हो रहा है। दो दिनों के इस मंचीय कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को अपनी प्रतिभा और हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा। पीएम कॉलेज की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय ने बताया कि सिवनी के विधायक दिनेश राय मुनमुन उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा की जिलाध्यक्ष मीना बिसेन करेंगी। जनभागीदारी अध्यक्ष पांडेय ने संभावना जताई है कि सिवनी- बालाघाट की सांसद भारती पारधी भी समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हो सकती हैं. प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग ने बताया कि सत्र के दौरान शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, एनसीसी, एनएसएस और खेलकूद गतिविधियों में कॉलेज का नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा।
मीडिया प्रभारी प्रोफेसर सत्येन्द्र शेन्डे और स्पोर्ट्स ऑफिसर केसी राउर ने जानकारी देते हुए बताया कि एम ए (हिंदी) के आठ विद्यार्थियों ने हिंदी में नेट परीक्षा पास कर कॉलेज का नाम रोशन किया है. उन्हें भी वार्षिकोत्सव के दौरान सम्मानित किया जाएगा. बताया कि वार्षिकोत्सव में कॉलेज के युवा विद्यार्थियों की डांस, वादन और गायन विधाओं में रंगारंग प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्रबिंदु रहेंगी। मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से छात्र छात्राओं को अपनी प्रतिभा और हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा। शनिवार को वार्षिकोत्सव के समापन अवसर पर जिले के कलेक्टर और एसपी मौजूद रहेंगे. कार्यक्रम में सिवनी जिले के जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, समाजसेवी, साहित्यकार और गणमान्य नागरिक भी आमंत्रित हैं । जन भागीदारी अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय और प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग ने सभी विद्यार्थियों, कलाप्रेमियों, बुद्धिजीवियों और गणमान्य नागरिकों से वार्षिकोत्सव में शामिल होने का आग्रह किया है।